जरा जल्दी से आजा सांवरिया

जरा जल्दी से आजा सांवरिया,
तेरी भक्ति की ओढ़ी चुनरिया....-2

जैसे मीरा ने सब कुछ भुलाया,
प्रभु चरणों में ध्यान लगाया....-2
मोहन मुझ पर भी डालो नजरिया,
तेरी भक्ति की ओढ़ी चुनरिया
जरा जल्दी से आजा सांवरिया......

तुम ने राधा से प्रीत लगाई,
उसके बंधन में बंध गए कन्हाई.....-2
राधा सुनती थी प्यारी बसुरिया,
तेरी भक्ति की ओढ़ी चुनरिया
जरा जल्दी से आजा सांवरिया.....

तुमने मधुबन में रास रचाया,
संग गवालों के माखन चुराया....-2
सारी पागल थी गोकुल नगरिया,
तेरी भक्ति की ओढ़ी चुनरिया
जरा जल्दी से आजा सांवरिया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22982/title/jra-jaldi-se-aaja-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |